9. जिन स्थानों पर पहले अवैध स्क्रीनिंग प्लान्ट व स्टोन क्रेशर 500 मीटर यमुना नदी से कम दूरी पर थे। उनको डिस्मेन्टल कर दिया गया था खनिज विभाग द्वारा अवैध खनन के नोटिस दिये गये थे। अब उन्ही स्थानों पर 500 मीटर से अधिक दूरी व 1 किमी0 आबादी से दूरी दिखाकर पुनः अनापत्ति दूसरे नामों से जारी की गई बड़ा ही खेल खेला गया है सिचांई विभाग वर्ष 2012 में 500 मीटर के अन्दर व आबादी से 1 किमी0 दूरी बताकर डिस्मेन्टल कराता है अब उन्हे ही 500 मी0 से दूर व आबारी से 1 किमी0 दूर दिखाकर सहमति जारी कर रहा है बड़ी जॉच का विषय है।

1. दूरियों के अतिरिक्त किसी भी क्रेशर द्वारा न तो चारदीवारी बनायी गई है न तो क्रेशर के अन्दर पक्की सड़क बनायी गई है न तो कोई सैफ्टी टैंक बनाये गये है सारा पानी यमुना नदी में बहाया जाता है किसी के द्वारा भी 33 प्रतिशत भूमि पर पेड़ नही लगाये गये है न ही मशीनों व स्क्रीन को कवर किया गया है और न ही पानी छिड़काव के लिए कोई इन्तजाम किया गया है। ग्राउण्ड वॉटर विभाग के नोटिफिकेशन 2020 के अनुसार अनापत्ति प्राप्त नही की गई है। जबकि सहमति की षर्त भीं है लगभग सभी क्रेशर जनरेटरों से चलाये जाते है जिनकी अनुमति भी बिजली विभाग से नही ली गई और न ही उन पर मीटर लगाये गये है और उनकी चिमनी की ऊॅचायी भी नियमानसुार नही है । जिनके द्वारा भण्डारण लाईसेन्स लिए गये है लेकिन उनके द्वारा सी0सी0टी0वी0 कैमरे नही लगाये गये है।
2. यमुना नदी किनारे लगे स्टोन क्रेशर मालिकों द्वारा गलत सूचना तथ्य विभागों के समक्ष प्रस्तुत करते है और दूसरे विभागों से भ्रष्टाचार के आधार पर सत्यापन कराते है उनके आधार पर धोखाधड़ी के आधार पर ई0सी0 व सहमति प्राप्त कर रहे है जो शून्य है।

   उक्त तथ्यों को अनदेखा कर विभाग द्वारा कन्सेन्ट जारी की जा रही है जिससे लगातार गाईडलाइन्स 2010 के प्रावधानों का एंव मा0 सर्वोच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 16.01.2012 का उल्लंघन किया जा रहा है और पर्यावरण को क्षति पहुॅचायी जा रही है लोगों के स्वास्थ्य पर बेहद बुरा प्रभाव पड़ रहा है भविष्य में जिसके परिणाम गम्भीर होगें और भारी राजस्व की क्षति सरकारी मशीनरी की मिलिभगत से पहुॅचायी गई है।

3. एक बड़ा घोटाला और किया जा रहा है कि क्रेशरों का नाम बदल कर सहमतियॉ व भण्डारण लाइसेन्स लिए जा रहे है क्योंकि पहले नामों पर अवैध खनन के नोटिस जारी है। इसलिए उन्हे भण्डारण लाईसेन्स नही दिये जा सकते है। वह नाम बदलकर भण्डारण लाईसेन्स खनिज विभाग से ले रहे है कुछ को अवैध खनन के नोटिस नही भेजे गये है जबकि वह डिस्मेन्टल की सूची में षामिल है। बड़ा खेल इस आधार पर भीं प्रदूषण विभाग व खनिज विभाग में चल रहा है जिन लोगों द्वारा पहले अनापत्ति प्रमाण पत्र ली गई थी सैल्स टैक्स विभाग मे पंजीकृत थे उनको तो विभाग छोड़ नही रहा और रगड़े पर रगड़े मार रहा है। जो लोग बिल्कुल अवैध बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र पंजीकरण के चला रहे थे उनके विरूध कुछ नही कर रहा है और भ्रष्टाचार के आधार

पर उन लोगों को भूमि बेचने का मौका दिया गया है और उन्ही जगह पर अब दूसरे नामों से अवैध क्रेशर चल रहे है यह भीं एक जॉच का विषय है।

जिला सहारनपुर में भण्डारण लाईसेन्स की आड़ में स्टोन क्रेशरों द्वारा यमुना नदी से अवैध खनन कर भारी राजस्व क्षति लॉकडाउन में भी पहुॅचायी जा रही अभी कानूनों का उल्लंघन कर मनीलॉन्ड्रिंग की जा रही है। इतने बड़े पैमाने पर बिना सरकारी मिलिभगत के सम्भव नही है।

6. मै0 स्टार माईन्स बरथा कोरसी, सहारनपुर द्वारा किये गये अवैध खनन के साक्ष्यः–

1. **मै0 स्टार माईन्स पर मा0 एन0जी0टी0 के आदेश से लगभग 22 करोड़ जुर्माना लगाया गया जो लगभग 100 करोड़ बनता है लेकिन उसका खनन कभी नही रोका गया और उसको पूरा मौका दिया गया िकवह पूरे वर्ष का खनन 6 माह में ही कर ले उसके द्वारा जून तक किये जाने वाला खनन जनवरी तक ही कर लिया गया है जो पर्यावरण सहमति का स्पष्ट उल्लंघन है। जॉच के आदेश के बाद लगातार यमुना नदी में जल धारा को पुनः मशीनों से बदलने की कोशिश की जा रही है व अवैध खनन के निशान मिटाये जा रहे है जिसकी ड्रोन से फोटो ली गई है फोटो दिनांक 02.02.2023 संलग्नक नं0 22 पेज नं0 253 से 253 तक है। यह सब प्रशासन की जानकारी में है। जॉच के साथ छेड़छाड़ की जा रही है।**
2. जिसकी जॉच के समय भी प्रार्थी मौके पर उपस्थित था लेकिन उत्तर प्रदेश के खनन संचालक मै0 स्टार माईन्स व उसके पार्टनर वेदपाल सिंह, दीपक चौधरी, संजय कर्णवाल, रविन्द्र कुमार, भानू कर्णवाल आदि लोग के प्रभाव में मेरी एक भी सच्चाई नही सुनी गई जबकि मेरे द्वारा मौके पर साक्ष्य भी प्रस्तुत किये गये फोटो, विडियो जिसमें स्पष्ट दिख रहा है कि जल धारा में भारी मशीनों से हरियाणा सीमा में जल धारा को परिवर्तित किया जा रहा है जिससे भारी पर्यावरण व राजस्व की क्षति हुई है।
3. रिपोर्ट में सही तथ्यों को छिपाया गया गलत तथ्य प्रस्तुत किये गये जिसका आभास प्रार्थी को निरिक्षण के समय ही हो गया था जिसकी लिखित शिकायत भी प्रार्थी ने मय फोटो के भेजी थी लेकिन कमेटी द्वारा सभी तथ्यों को छिपाकर रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत की गई है। प्रार्थी के द्वारा दिये गये प्रमाणित साक्ष्यों को जानबूझकर छुपाया गया।
4. संयुक्त रिपोर्ट में श्रीमान एस0डी0एम0, बेहट की दिनांक 13.04.2022 की आख्या लगायी गई है जिसमें खनन पटटे से हरियाणा सीमा की दूरी 2056 मीटर दिखायी गई है जो मात्र 200 मीटर से भी कम है जिसकी जॉच खनन पटटे में दिये गये लोंगीटयूट व हरियाणा के बेलगढ नॉर्थ के लोगींटयूट से की जा सकती है। तथ्यों का मिलीभगत से गलत तथ्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किये गये है जो शिकायत प्रार्थी द्वारा मय साक्ष्यों के की गई उनको छुपाया गया है उनका कोई सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत नही की गई है।
5. जब भी कोई जॉच टीम जाती है तो उसकी सूचना खनन पटटा धारक को पूर्व से दी जाती है और उस दिन खनन बन्द दिखाया जाता है। न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए माननीय एन0जी0टी0 द्वारा दोनों राज्यों के अधिकारियों को खनन करने वालों के साथ मिलिभगत कर होना पाया गया है और दोनों राज्यों के उच्च अधिकारियों को अवैध खनन करने वाले व उनको सहयोग करने वाले लोगों के विरूध दिनांक 12.08.2022 को कार्यवाही के आदेश दिये गये है **आदेश दिनांक 12.08.2022 की प्रति संलग्नक नं0 23 पेज नं0 254 से 259 तक है।**
6. खनन पटटा धारक पर पूर्व में मा0 एन0जी0टी0 द्वारा गठित टीम द्वारा 11 करोड़ का जुर्माना मा0 एन0जी0टी0 द्वारा आरोपित किया गया है और रिपोर्ट में पाया गया था की लोंगीटयूट व लैटीटयूट खनन पटटे के व ई0सी0 में अलग अलग है जो अभी तक ठीक नही कराया गया है। बिना CTO-CTE व ग्राउण्ड वॉटर अनापत्ति के खनन किया गया है यह सभी तथ्य छिपाये गये है रिपोर्ट भी उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के अधिकारी द्वारा प्रस्तुत की गई है जो इस रिपोर्ट में भी शामिल है। यदि जॉच निष्पक्ष की जाती तो इस रिपोर्ट को भी उस रिपोर्ट का भाग बनाया जाता व प्रार्थी द्वारा भेजी गई शिकायते व फोटो भी रिपोर्ट का भाग होता। **रिपोर्ट दिनांक 26.10.2021 प्रति संलग्नक नं0 24 पेज नं0 260 से 273 तक है।** रिपोर्ट की प्रति मा0 एन0जी0टी0 की वेबसाईट पर उपलब्ध है। जिसको मा0 एन0जी0टी0 द्वारा स्वीकार की गई **आदेश दिनांक 10.05.2022 की प्रति संलग्नक नं0 25 पेज नं0 274 से 292 तक है।** माननीय एन0जी0टी0 के आदेशों के बावजूद भी कोई आरोपित

जुर्माना जमा नही कराया गया है लेकिन उसके बाद भी खनन पटटा लगातार संचालित हो रहा है अभी तक भी खनन पटटा निरस्त नही किया गया है। जिसस भी मिलिभगत स्पष्ट है।

7. सभी तथ्य छुपाये गये है और खनन पटटे धारकों को क्लीन चिट दी गई है। अभी तो यह भी सही पता नही है कि खनन क्षेत्र की सीमा क्या है जो सीमा खनन पटटे में दी गई है वह हरियाणा की सीमा पर है जबकि उत्तर प्रदेश के राजस्व विभाग उसे 2 किमी0 दूर दिखा रहा है जो अपने आप में मिलीभगत साबित करता है तथ्यों को छिपाकर गलत तथ्य प्रस्तुत जानबूझकर मिलिभगत के कारण दोनों राज्यों के अधिकारियों ने रिपोर्ट प्रस्तुत की है जो न्यायालय के साथ धोखाधड़ी है और पर्यावरण को नुकसान पहुॅचाने व राजस्व क्षति करने में सहयोगी रहे है।
8. इसी क्षेत्र की जॉच श्रीमान कमीशनर महोदय द्वारा दिनांक 20.05.2022 को स्वंय अचानक की गई थी जिसमें भारी अनियमित्तांए व भारी अवैध खनन पाया गया था मौके पर अधिकारी सीमाएं तक भी नही बता पाये थे जिसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भी भेजी गई थी लेकिन कार्यवाही के नाम पर कुछ नही किया गया और सभी तथ्य खनन पटटेधारक से मिलिभग्त के कारण चुप है अगर इस मामले की किसी केन्द्रीय एजेन्सी से जॉच करायी जाएगी तो हजारों करोड़ की राजस्व क्षति सामने आएगी प्रार्थी सभी तथ्य न्यायालय के सामने भी प्रस्तुत करेगा। **समाचार पत्रों की कटिंग व फोटो संलग्नक नं0 26 पेज नं0 293 से 294 तक है।**
9. जिसकी जॉच के समय भी प्रार्थी मौके पर उपस्थित था लेकिन उत्तर प्रदेश के खनन संचालक मै0 स्टार माईन्स व उसके पार्टनर वेदपाल सिंह, दीपक चौधरी, संजय कर्णवाल, रविन्द्र कुमार, भानू कर्णवाल आदि लोग के प्रभाव में मेरी एक भी सच्चाई नही सुनी गई जबकि मेरे द्वारा मौके पर साक्ष्य भी प्रस्तुत किये गये फोटो, विडियो जिसमें स्पष्ट दिख रहा है कि जल धारा में भारी मशीनों से हरियाणा सीमा में जल धारा को परिवर्तित किया जा रहा है जिससे भारी पर्यावरण व राजस्व की क्षति हुई है। प्रार्थी द्वारा दिनांक 19.04.2022 व 07.09.2022 को सभी प्रमाणित साक्ष्य सहित शिकायतें सभी सम्बन्धित विभागों एंव अधिकारियेां को मय फोटो के दी गई लेकिन उनके द्वारा उन पर कोई संज्ञान नही लिया गया।
10. मा0 एन0जी0टी0 के आदेश दिनांक 12.08.2022 को सभी तथ्यों पर संज्ञान लेते हुए दोनो राज्यों के उच्च सरकारी अधिकारियों को उन अधिकारियों के विरूध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये जिनके द्वारा ठेकेदार से मिलिभगत कर जलधारा परिवर्तन किया गया व अवैध खनन किया गया। जिसके जवाब में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कार्यवाही न कर दिनांक 09.09.2022 को मा0 न्यायालय के समक्ष एक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है जिस पर अपत्तियॉ निम्न प्रकार है **रिपोर्ट दिनांक 09.09.2022 की प्रति संलग्नक नं0 27 पेज नं0 295 से 297 तक है।**
11. मा0 न्यायालय द्वारा जिन लोगों को मिलिभगत में पाया गया था उच्च अधिकारियों द्वारा पुनः उन्ही की रिपोर्ट के आधार पर जवाब प्रस्तुत किया गया है। जिसके पैरा नं0 04 निम्न प्रकार है–

    4- Pursuant to directions of Hon'ble Tribunal, District Magistrate Saharanpur conducted enquiry and submitted a fresh report to the Government in this matter and as per this report, the facts of the matter are following: -

    1- The lease deed of five-year mining was approved for mining of sand, gravel, boulder (in mixed condition) in Gata No- 1 area-36.00 hectare of M/s Star Mines Village Bartha Korsi on 01-04-2021.

    2- In Compliance with the order dated 28-10-2021 of Hon'ble National Green Authority, the mining on the said plot remained un-operational till 10-01-2022.

    3- The mining lease was un-operational till 09-01-2022 in compliance with the order dated 28-10-2021 of Hon'ble National Green Tribunal due to non-receipt of water/air consent from the UP Pollution Control Board.

    4- After the above date, Mining is being done by the leasee M/s Star Mines, Saharanpur within the limits of approved area of lease in UP.

5- Executive Engineer, Irrigation Construction Division, Saharanpur has been directed by letter dated 31-08-2022 to make available the inquiry report regarding the change in the flow of Yamuna River within a week.

6- As per the report of the Tehsildar Chhachhrauli, Yamuna Nagar, Haryana. It seems that the Illegal mining seems to be taking place in the village Belgarh which is located in the state of Haryana. Village Belgarh and Village Koliwala, which are adjacent to the border of Haryana and Uttar Pradesh, currently have mining leases in operation and many stone crushers have been established in the said area. But no mining work has been done by M/s Star Mines outside its sanctioned area towards Belgarh. Belgarh falls in west direction and village Bartha Korsi falls in east direction.

7- As far as the change in the flow of the river is concerned, no change in the flow of the river has been found during the onsite inspection, as per the individual report submitted by the team members consisting of officers of Uttar Pradesh. Its was also informed by the local people that the river has been flowing at this place since many years.

उपरोक्त विवरण न्यायालय को तथ्य छुपाकर प्रस्तुत किया जा रहा है ताकि ठेकेदार व अधिकारियों के विरूध कार्यवाही करने से बचा जा सके। पैरा नं0 04 के सब पैरा 02 व 03 में स्पष्ट किया गया है कि खनन 09.01.2022 से पूर्व नही किया गया है जबकि यह कथन गलत है मा0 एन0जी0टी0 के आदेश पर अन्य मामले में जॉच की गई थी जिसमें कमेटी द्वारा भारी अनियमित्ताएं पायी गई थी व खनन 01.04.2021 से 30.06.2021 तक लगातार किया गया था जिस पर कमेटी द्वारा 11 करोड़ रूपये जुर्माना भी लगाया गया था रिपोर्ट की प्रति पूर्व प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न है। जो मा0 न्यायालय के आदेश के बाद भी अभी तक जमा नही किया गया है और खनन लगातार कराया गया है इसके बाद ठेकेदार मै0 स्टार माईन्स द्वारा उक्त आदेश को मा0 सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष सिविल अपील नम्बर 5013/2022 दायर की गई थी जिसमें मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 2 करोड़ रूपये जमा कराने की शर्त पर नोटिस जारी करने के आदेश दिये गये थे **आदेश दिनांक 12.08.2022 की प्रति संलग्नक नं0 28 पेज नं0 298 से 298 तक है।**

12. इसके अतिरिक्त एक दूसरे मामले में ओ0 ए0 249/2021 में भी मै0 स्टार माईन्स को अवैध खनन का जुर्माना गणना कर वसूली करने के आदेश दिये गये थे जिसके विरूध भी मै0 स्टार माईन्स द्वारा मा0 सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष सिविल डायरी नम्बर 26439/2022 दायर की गई थी जिसमें मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उ0प्र0 प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड को पर्यावरण क्षति की गणना करने के लिए कार्यवाही करने के आदेश दिये गये है **आदेश दिनांक 26.09.2022 की प्रति संलग्नक नं0 29 पेज नं0 299 से 300 तक है।** यह सभी मामले राज्य सरकार के अधिकारियों की जानकारी में है उसके बाद भी रिपोर्ट में तथ्यों को छुपाया गया है। यमुना की जलधारा परिवर्तन व अवैध खनन के सम्बन्ध में भी तथ्यों को छुपाते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है जिसके प्रमाणित साक्ष्य निम्न प्रकार है–

गूगल अर्थ सैटेलाईट मैप पर मै0 स्टार माईन्स के खनन क्षेत्र को लोगीटयूट व लैटीटयूट के माध्यम से दर्शाया गया है दिनांक 09.12.2018, 04.12.2019 व 25.11.2021 की इमेज के अनुसार खनन क्षेत्र के अन्दर को जलधारा बह रही है जलधारा के अन्दर गाईडलाईन्स 2020 के अनुसार कोई खनन नही किया जा सकता है कमेटी की रिपोर्ट में भी इसको स्पष्ट किया गया था रिपोर्ट दिनांक 09.09.2022 में स्वीकार किया गया है कि खनन 09.01.2022 से किया जा रहा है गूगल अर्थ सैटेलाईट मैप पर दिनांक 15.02.2022 की इमेज सुबह 5 बजे की उपलब्ध है जिसपर लाल रंग की लाईन से खनन क्षेत्र अंकित है व जिसपर पीले रंग से गोला बनाया गया है जिसमें जो

खनन क्षेत्र से बाहर है व जलधारा को रोककर रास्ता बनाया गया है व जलधारा को परिवर्तन कर हरियाणा राज्य की सीमा पर मोड़ा गया है जो स्पष्ट दिखायी दे रहा है इसके अतिरिक्त खनन क्षेत्र के बाहर हरियाणा की दिशा में भारी मशीनों से खनन कर ट्रको में लोडकर उत्तर प्रदेश में लाया जा रहा है जिसको सफेद लाईन के गोले में दिखाया गया है इसके अतिरिक्त यमुना नदी की जलधारा के मध्य खनन क्षेत्र में भारी मशीनों से खनन कर ट्रकों में लोडिंग की जा रही है। यह सब नजारा सुबह 5 बजे का है जबकि पर्यावरण सहमति में सूर्य अस्त से सूर्य उदय तक खनन कार्यवाही प्रतिबन्धित है लेकिन इनके द्वारा सुबह 5 बजे से भारी मशीनों से अवैध खनन किया जा रहा है जो अपने खनन क्षेत्र से बाहर भी है यह प्रमाणित साक्ष्य गूगल अर्थ का सैटेलाईट मैप दिनांक 15.02.2022 का साथ में संलग्नक नं0 30 पेज नं0 301 से 304 तक है। जलधारा को रोक कर लगातार यमुना नदी की जलधारा को परिवर्तन कर व यमुना नदी की जलधारा के अन्दर भारी मशीनों से खनन किया जा रहा है लेकिन रिपोर्ट दिनांक 09.09.2022 में स्पष्ट किया जा रहा है कि न तो कोई जलधारा बदली गई है और न ही कोई खनन क्षेत्र के बाहर खनन किया जा रहा है जो बिल्कुल गलत है और जो रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है वह भी मिलिभगत का नतीजा है। उक्त प्रमाण के बाद नही कहा जा सकता कि जलधारा को नही परिवर्तन किया गया और हरियाणा की तरफ क्षेत्र के बाहर अवैध खनन किया गया। उपरोक्त सभी तथ्य प्रस्तुत रिपोर्ट में जानबूझकर न्यायालय को गुमराह करने की नियत से प्रस्तुत की गई है।

7. जिला सहारनपुर में गैर कानूनी डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (DSR) के आधार पर किये गये नीलामी का विवरणः–

1. जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 में डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट बनाया गया था जिसके बाद बार बार उसमें गैर कानूनी तरीके खनन क्षेत्र दिखाकर वर्ष 2019–20 में निलाम किये गये है उसके पूर्व कोई भी रिप्लेनिशमेन्ट स्टडी नही करायी गई Sustainable Sand Mining Management Guidelines 2016 व Enforcement & Monitoring Guidelines for Sand Mining 2020 का उल्लंघन कर निलाम कर अवैध खनन कराया गया जिसकी जॉच रिकॉर्ड से की जा सकती है। अवैध डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट के आधार पर किये गये निलाम निरस्त होने चाहिए।
2. जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 में डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट बनाया गया था जिसको ई0आई0ए0 नोटिफिकेशन 2006 के प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक 5 वर्ष में पुनः बनाना है। बल्कि समय समय पर उसमें नये क्षेत्र नोटिफिकेशन Sustainable Sand Mining Management Guidelines 2016 व Enforcement & Monitoring Guidelines for Sand Mining 2020 के प्रावधानों का उल्लंघन कर निलामी की गई है और अब पुनः दिनांक 26.11.2022 को इसमें संसोधन गैर कानूनी तरीके से कर नीलामी करने की तैयारी की जा रही थी। लेकिन अब पुनः डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट 2022 वेबसाईट पर दिनांक 13.01.2023 को सहारनपुर की वेबसाईट पर लोड किया गया है।
3. प्रस्तावित डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट दिनांक 03.12.2021 में 11 खनन लॉट यमुना नदी में कलस्टर में प्रस्तावित है यमुना नदी हरियाणा राज्य के जिला यमुनानगर व उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के मध्य में स्थित है और यमुना नदी में कुछ भाग हरियाणा राज्य में आता है व कुछ भाग उत्तर प्रदेश राज्य में आता है दोनों ही राज्यों द्वारा यमुना नदी में खनन पटटे स्वीकृत किये गये है व स्वीकृत किये जा रहे है। जहॉ ऐसी स्थिति होती है वहॉ के लिए गाईडलाईन्स 2020 में निम्न प्रावधान किया गया है–

PAGE NO 49: -

9.3 Monitoring of Mining near Inter-district or inter-state boundary

There are situations where bifurcated river becomes district boundaries or state boundaries in such situation it is difficult to assess the mining potential, or to have close monitoring and enforcement of the regulatory provision. Such challenges have been identified and dealt with in SSMG-2016. However, in the absence of any standardized procedure, the monitoring has not been effectively practiced. This has been highlighted by the High-Power Committee constituted by NGT in the matter pertaining to illegal mining.

The districts/state sharing the boundary shall constitute the combined task force for monitoring of mined materials, mining activity and also should actively participate in the preparation of DSR by providing appropriate inputs. In such cases, the draft DSR so prepared shall be put up for public consultation in both the districts through respective district administration website.

The task force shall meet every quarter to reconcile the data collected during the period and identify any gap/ lapses based on the outcome of such meeting. The respective district shall take action/ corrective measures. Effort shall be made for real-time data sharing between both the district.

गाईडलाईन्स 2020 के उपरोक्त प्रावधान से स्पष्ट है कि प्रस्तावित डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट उपरोक्त श्रेणी में आता है और इनका डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट दोनों ही जिलों के आपसी जानकारियॉ उपलब्ध

कराने के बाद ही तैयार किया जा सकता है क्योंकि यमुना नदी में कोई विभाजन लाईन नही है प्रत्येक दिन विवाद रहना है दोनों ही राज्य अपना अपना क्षेत्र छुपा रहे है। जबकि जिला सहारनपुर कमेटी द्वारा कोई जानकारी यमुनानगर जिले से नही ली गई है। इसके अतिरिक्त प्रस्तावित डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट जनमानस सुनवायी के लिए दोनों जिलों के प्रशासनिक वैबसाईट पर लोड किया जाना है लेकिन जिला सहारनपुर के प्रशासन द्वारा कोई भी प्रस्तावित डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट यमुनानगर वैबसाईट पर लोड कराने के लिए भेजा गया है और नही कराया गया है जिससे स्पष्ट है कि प्रस्तावित डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट गाईडलाईन्स 2020 के प्रावधानों के विपरित है और इस डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट के आधार पर कोई निलाम नही किया जा सकता।

4. प्रस्तावित डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट 2022 के साथ रिप्लेनिशमेन्ट स्टडी का डाटा लगाया गया है जिस पर दिनांक 26.12.2022 के हस्ताक्षर है उसमें पोस्ट–मानसून एंव प्री–मानसून डाटा दिया गया है जबकि प्रथम रिप्लेनिशमेन्ट स्टडी के लिए 4 बार डाटा लिया जाना है जो नही लिया गया है रिप्लेनिशमेन्ट स्टडी गाईडलाईन्स 2020 के प्रावधानों के विरूध और शून्य है गाईडलाईन्स 2020 में निम्न प्रावधान है–

"PAGE No: - 27

5.1 Generic Structure of Replenishment Study

Initially replenishment study requires four surveys. The first survey needs to be carried out in the month of April for recording the level of mining lease before the monsoon. The second survey is at the time of closing of mines for monsoon season. This survey will provide the quantity of the material excavated before the offset of monsoon. The third survey needs to be carried out after the monsoon to know the quantum of material deposited/replenished in the mining lease. The fourth survey at the end of March to know the quantity of material excavated during the financial year. For the subsequent years, there will be a requirement of only three surveys. **The results of year-wise surveys help the state government to establish the replenishment rate of the river. Based on the replenishment rate future auction may be planned.**

The replenishment period may vary on nature of the channel and season of deposition arising due to variation in the flow. Such period and season may vary on the geographical and precipitation characteristic of the region and requires to be defined by the local agencies preferable with the help of the Central Water Commission and Indian Meteorological Department. The excavation will, therefore, be limited to estimated replenishment estimated with consideration of other regulatory provisions."

5. यमुना नदी में जो प्रस्तावित खनन क्षेत्र कथित किये गये है वह सब के मध्य में जलधारा है जो 12 महिने लगातार बहती है जिसको गूगल मैप पर देखा जा सकता है यमुना नदी में मध्य में बनाये गये है जबकि गाईडालाईन्स 2020 के पेज नं0 24 पर नदी के मध्य में 3/4 भाग प्रतिबन्धित किया गया है जिसमें कोई खनन नही किया जा सकता ऐसा मा0 सर्वोच्च न्यायालय व मा0 एनजीटी द्वारा अपेन आदेशों में पूर्व में स्पष्ट किया जा चुका है लेकिन डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट बनाते समय किसी भी तथ्य पर ध्यान नही दिया गया है और न ही मौके पर जा कर जॉच की गई है। इसलिए डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट में संसोधन किया जाना आवश्यक है।

"PAGE No: -24

r) River bed sand mining shall be restricted within the central 3/4th width of the river/rivulet or 7.5 meters (inward) from river banks but up to 10% of the width of the river, as the case may be and decided by regulatory authority while granting environmental clearance in consultation with irrigation department. Regulating

authority while regulating the zone of river bed mining shall ensure that the objective to minimize the effects of riverbank erosion and consequential channel migration are achieved to the extent possible. In general, the area for removal of minerals shall not exceed 60% of the mine lease area, and any deviation or relaxation in this regard shall be adequately supported by the scientific report."

6. सभी विभागों द्वारा कॉरडिनेटस डालकर अनापत्तियॉ जारी की गई है संयुक्त निरिक्षण किये गये है लेकिन किसी के द्वारा नही देखा गया कि अलाउदीनपुर बांस अहतमाल व महमूदपुर नगली अहतमाल एक दूसरे के ऊपर ओवरलेप है और बड़े क्षेत्रफल में ओवरलेपिंग है जिससे भी स्पष्ट है कि यह दोनों ही लॉट निलाम जो भी लेगा वह विवादों में आ जाएगा। इस आधार पर भी डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट में संसोधन किया जाना आवश्यक है।
7. यमुना नदी में सभी लॉट जल धारा के मध्य बनाये गये है जहॉ हर समय जल धारा बहती है गाईडलाईन्स के अनुसार जलधारा में कोई खनन अनुमति नही दी जा सकती है इसलिए जो भी लॉट जलधारा के मध्य बनाये गये है उनको हटाया जाए।
8. लोगों द्वारा अपत्तियॉ प्रस्तुत की गई लेकिन और उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि कोई भी निलाम नोटिफिकेशन 25.07.2018 व गाईडलाईन्स 2020 में दिये गये डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट प्रक्रिया को अपनाये हुए नही बनाया जा सकता नये प्राविधानों के अर्न्तगत गाईडलाईन्स 2020 के अनुसार डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट बनाया जाना है यदि उसमें दी गई प्रक्रिया या उसके प्रपत्रों का पालन किये बगैर कोई डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट फाईनल जारी किया जाता है तो वह शून्य है और गैर कानूनी है और उसके आधार पर किया गया कोई भी निलाम गैर कानूनी व शून्य होगा।

8. जिला यमुनानगर में गैर कानूनी डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (DSR) के आधार पर किये गये नीलामी का विवरणः–

जिला यमुनानगर, हरियाणा में वर्ष 2017 के बाद कोई डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट नही बनाया गया है और न ही आज तक कोई राज्य सरकार द्वारा यमुना नदी की रिप्लेनिशमेन्ट स्टडी करायी गई है लेकिन नदी तल मे निलाम किये गये है जो गैर कानूनी है और जो नीलाम वर्तमान में बिना रिप्लेनिशमेन्ट स्टडी के बनाये गये है उनको तत्काल निरस्त किया जाना चाहिए ओर जो नया डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट बने उसको दोनों राज्यों की सहमति से बनाया जाना चाहिए। जो नीलाम किये गये है उनको निरस्त किया जाना चाहिए।

9. जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश में अवैध खनन करने वालों का विवरणः–

1. उत्तर प्रदेश सहारनपुर में मौ0 इकबाल व उसके परिवार द्वारा भारी अवैध खनन किया गया था। अपने परिवार के सदस्यों के नाम बैनामें खनन पटटे हरियाणा व उत्तर प्रदेश में मिलिभगत कर प्राप्त किये गये है और नियमों के विरूध अवैध स्टोन क्रेशर स्थापित कर अवैध खनन लगातार करा रहे है। जिससे पर्यावरण व राजस्व को भारी क्षति पहुॅच रही है और लोगों के विरूध षडयन्त्र कर माल का विक्रय एक राज्य से दूसरे राज्य में दिखाकर अवैध खनन को अन्जाम दे रहे है इनके साथ इस कार्य में अनेंकों लोग मिलकर सहयोग कर अवैध लाभ ले रहें है।
2. खनन पटटो की आड़ में अन्य खनन अनुमतियों की आड़ में स्टोन क्रेशरों व खनन माफियाओं की मिलिभगत से रवन्नों का दुरूपयोग कर अवैध खनन यमुना नदी से किया जा रहा है जिसमें यमुना नदी की जल धारा तक को मोड़ दिया गया है। इनके विरूध असख्ंय अपराधिक मामले विचाराधीन है।

10. जिला यमुनानगर, हरियाणा में अवैध खनन करने वालों का विवरणः–

1. मौ0 इकबाल पूर्व एम0एल0सी0 सहारनपुर, उ0प्र0 (जिला सहारनपुर में हिस्ट्रीशीटर ईनामी है व विभिन्न थानों में असंख्य मामले दर्ज है) इसके तीन पुत्र व भाई व रिश्तेदार सहारनपुर जेल में बन्द है। इसकी जॉच मा0 सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों पर की गई थी जिसमें इसकी 111 कम्पनियॉ फर्जी पायी गई और मनीलॉन्ड्रिंग करना पाया गया जिसमें से एक सहारनपुर माईन्स मैनेजमेन्ट सर्विसेज प्रा0 लि0 है जिसके नाम यमुना नगर में 2 खनन ठेके यमुना नदी के बाहर ग्राम जयधर व माण्डे वाला के बालू, बजरी, पत्थर के है।

   मौ0 इकबाल की कम्पनी ने माल फर्जी तरीके से ऊॅची कीमत में बेचकर मनीलॉन्ड्रिंग की है जी0एस0टी0 बकाया है। सहारनपुर माईन्स मैनेजमेन्ट सर्विसेज प्रा0 लि0 से ठेको में गारन्टी शिकायत के बाद भी फर्जी जमा करायी गई है बाद में उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा गारन्टी में दी गई सम्पत्तियों को गैगस्टर एक्ट के अर्न्तगत जब्त कर ली गई है जिसकी शिकायत की गई लेकिन गारन्टी नही बदलवायी गई है ठेके केन्सिल कर अवैध खनन आरोपित होना चाहिए। वर्तमान मे उपरोक्त खनन क्षेत्रों पर मा0 एन0जी0टी0 द्वारा रोक लगा रखी है।

   मौ0 इकबाल आजकल विभिन्न मामलों में फरार है व हरियाणा व उत्तर प्रदेश में बैनामी लोग खनन व अवैध खनन को अन्जाम दे रहे है। जो इसके सिडिंकेट के सदस्य है।

   सिंडिकेट के सदस्य स्क्रीनिंग प्लान्ट व स्टोन क्रेशर के मालिक है व सिंडीकेट के क्रेशर जोन का कार्य जैसा अवैध खनन कराना और उसको संरक्षण देना इन लोगों का कार्य है। उपरोक्त क्रेशर खनन सिंडीकेट से इलैक्ट्रोनिक प्रचेज लेकर Minerals Dealer Licence (MDL) के माध्यम से रेते को पत्थर बनवाकर खरीद दर्शाते है लेकिन इसकी आड़ में अवैध खनन कर राजस्व को क्षति पहुॅचा कर माल बेच रहे है।

   उपरोक्त सभी लोग खनन सिंडिकेट के हिस्सेदार है और बैनामी हिस्सेदार बनकर भारी अवैध खनन कर रहे है सभी की कालेधन से साझेदारी है इनके साथ पॉवर फुल लोग व इसमें कुछ सरकारी लोग भी मिले है और हिस्सेदार है। जिसका विवरण वास्तविक खनन कम्पनियों के बैंक खातो से भी किया जा सकता है। इनका लगातार इन लोगों से लेन देन है। रेते को पत्थर बनाया गया मिलिभगत से और अवैध खनन किया जा रहा है जिससे काला धन उत्पन्न कर दूसरे कार्यो में लगाया जाता है।

11. अवैध खनन करने के तरीको का विवरणः–

A- यमुना नगर में रेते के खनन ठेकेदारों द्वारा बालू का ठेका लेकर मिलिभगत से पत्थर का ठेका कराना व बालू की आड़ में पत्थर का अवैध खनन करनाः–

जिला यमुनानगर में खनन सिंडिकेट द्वारा विभिन्न बालू के खनन ठेके लिए गये जिनको बाद में पत्थर बताकर अवैध खनन किया जा रहा है।

जिन रेते के खनन क्षेत्रों के आधार पर यह लोग खनन सिंडिकेट चलाते हुए पत्थर ग्रेवेल अवैध खनन कर रहे है उनका विवरण निम्न प्रकार है–

1. जे0एस0एम0 फूडस प्रा0 लि0 का मण्डौली घाघर ईस्ट रेते का ठेका था।
2. जे0एस0एम0 फूडस प्रा0 लि0 का मण्डौली घाघर वेस्ट रेते का ठेका था।
3. पी0एस0 बिल्डटेक का कनालसी का रेत का ठेका था जिसको पत्थर ग्रेवल बढ़ाया गया है लेकिन ई0सी0 नही है।
4. बालाजी इन्फ्रा, जयरामपुर जगीर, रेत का पत्थर करने की तैयारी चल रही है।
5. रूटस एण्ड जरनीस, बीरटापू का रेत का पत्थर करने की तैयारी चल रही है।

उपरोक्त के अतिरिक्त नदी से बाहर निम्न क्षेत्र है–

1. परमजीत सिंह पुत्र श्री हरदीप सिहं, पिपली माजरा
2. पी0एस0बिल्डटेक जयधरी, यमुनानगर
3. सहारनपुर माईन्स एंव मैनेजमेन्ट सर्विसेज प्रा0 लि0, माण्डेवाला, यमुनानगर
4. सहारनपुर माईन्स एंव मैनेजमेन्ट सर्विसेज प्रा0 लि0, जयधर, यमुनानगर
   नदी के अन्दर निम्न ठेका सिंडिकेट में शामिल किया गया है।
5. जे.पी.वाई कन्सोर्टियम, धनौरा, मालिक संदीप ढबास।
   उपरोक्त के अतिरिक्त खनन ठेके किश्ते अदा न करने के कारण निरस्त हो चुके है।

2. जे0एस0एम0 फूडस् के खनन क्षेत्र मंडौली घाघर ईस्ट व मंडौली घाघर वेस्ट व पी0एस0 बिल्डटेक के कनालसी खनन क्षेत्रो से गैर कानूनी तरीके से ग्रेवल, बोल्डर के खनन पर रोक की मांग की गई थी। जिसकी दोनों पक्षों की सुनवायी न्यायालय में दिनांक 31.05.2022 को की गई उपरोक्त दोनों कम्पनीयों की तरफ से अधिवक्ता श्री राकेश कुमार खन्ना, सिनियर अधिवक्ता व मो0 फजली खान एंव श्री गौतम सिंह, अधिवक्ता उपस्थित हुए और अपना पक्ष प्रस्तुत किया गया उसके बाद न्यायालय द्वारा निम्न आदेश पारित किया गया–

"13. Learned counsel for respondents no. 7 and 8 has further stated that respondents no. 7 and 8 did not carry on, are not now carrying on and will not carry on mining of boulder and gravel from the mining sites in question.

14. Even though respondent no. 7 and 8 shall be bound by under taking given by their learned counsel but we consider it appropriate to give specific direction that till further orders no mining of boulder and gravels shall be carried out on the mining sites in question by respondents no. 7 and 8. The Director, Mines and Geology, Government of Haryana, State PCB, Deputy Commissioner and Superintendent of Police, Yamuna Nagar are directed to take all requisite steps for ensuring that no illegal mining of boulder and gravel takes place on the mining sites in question.

15. List for further consideration on 13.07.2022 along with appeal no. 19/2022.

16. A copy of this order along with copy of application and documents sent therewith be sent to the Director, Mines and Geology, Government of Haryana, State PCB, Deputy Commissioner and Superintendent of Police, Yamuna Nagar for compliance."

आदेश दिनांक 31.05.2022 की प्रति संलग्नक नं0 31 पेज नं0 305 से 309 तक है।

3. उपरोक्त आदेश में स्पष्ट रूप से खनन कम्पनीयों द्वारा न्यायालय के सामने कथन किया है कि उनके द्वारा ग्रेवल बोल्डर की कोई खनन नही की जा रही है और न ही वह करेंगें। न्यायालय द्वारा कथन करने के बावजूद भी स्पष्ट आदेश दिया गया है कि कोई ग्रेवल व बोल्डर का खनन नही किया जाएगा स्पष्ट रोक लगायी गई है। क्षेत्र में किसी प्रकार ग्रेवल बोल्डर का खनन न हो इसके लिए न्यायालय द्वारा विशेष रूप से यमुनानगर के डिप्टी कमीशनर, हरियाणा प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, पुलिस अधिक्षक यमुनानगर, निदेशक भूतत्व एंव खनिकर्म विभाग की जिम्मेदारी की गई थी। आदेश की प्रति सबको न्यायालय द्वारा भेजी गई और प्रार्थी द्वारा भी ई मेल व स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज दी गई थी इसके अतिरिक्त जिनको खनन बन्द करना था उनके द्वारा न्यायालय के समक्ष स्वंय आश्वासन दिया गया था की हम खनन नही करेंगें और न्यायालय द्वारा अपना आदेश न्यायालय में सुना दिया गया था।

4. इसके बावजूद खनन कम्पनीयो द्वारा माननीय न्यायालय के स्पष्ट उल्लंघन जानबूझकर की गई है और उसके अलावा सरकारी विभागों के अधिकारियों द्वारा भी उनको खनन करने दिया गया है उनके विरूध कोई कानूनी कार्यवाही नही की गई इस की जानकारी खनन विभाग व अन्य विभाग के अधिकारियों को है क्योंकि पोर्टल पर ई रवन्ना लगातार ग्रेवल, बोल्डर के स्टोन क्रेशर व स्क्रीनिंग प्लान्टों को भारी मात्रा में माल बालू, बजरी बोल्डर के रवन्ने जारी कर मात्र पॉच दिन में दिनांक 31.05.2022 के बाद जारी किये गये। **जिनका दिनांक 31.05.2022 से 17.06.2022 तक की कुछ ई रवन्ना की प्रतियॉ भी संलग्नक नं0 32 पेज नं0 310 से 347 तक है व उनका विवरण सूची निम्न प्रकार है–**

JSM FOODS PVT LTD (MANDOLI GHAGGAR WEST BLOCK 4)		
TOTAL SAND MINING (FROM 18-06-2022 TO 18-06-2022)	16308	MT
TOTAL BOULDER GRAVEL MINING (FROM 01-06-2022 TO 17-06-2022)	74628	MT
TOTAL SAND AND BOULDER GRAVEL MINING (FROM 01-06-2022 TO 18-06-2022)	90936	MT

JSM FOODS PVT LTD (MANDOLI GHAGGAR EAST BLOCK-3)		
TOTAL SAND MINING (FROM 18-06-2022 TO 18-06-2022)	5724	MT
TOTAL BOULDER GRAVEL MINING (FROM 01-06-2022 TO 17-06-2022)	88461	MT
TOTAL SAND AND BOULDER GRAVEL MINING (FROM 01-06-2022 TO 18-06-2022)	94185	MT

PS BUILDTECH PVT LTD (KANALSI BLOCK-5)		
TOTAL SAND MINING (FROM 17-06-2022 TO 20-06-2022)	157122	MT
TOTAL BOULDER GRAVEL MINING (FROM 01-06-2022 TO 17-06-2022)	461956	MT
TOTAL SAND AND BOULDER GRAVEL MINING (FROM 01-06-2022 TO 20-06-2022)	619078	MT

उपरोक्त विवरण के अलावा खनिज विभाग से विवरण लेने पर पता लगेगा कि इनके द्वारा किस मात्रा में न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन किया गया है। इसके बाद अभी तक पूरे वर्ष में निकालने वाली मात्रा कुल तीन माह में खनन कर ली गई है।

5. बाकी ई रवन्ना पोर्टल से सत्यापन किया जा सकता है।
6. उपरोक्त से स्पष्ट है कि खनन कम्पनी के मालिकों भागीदारों निदेशकों द्वारा लगातार उल्लंघन जानबूझकर किया गया है जिसके लिए वह व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार है इसी प्रकार निदेशक भूतत्व एंव खनिकर्म विभाग, डिप्टी कमीशनर यमुनानगर, क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड व पुलिस अधिक्षक यमुनानगर व्यक्तिगत रूप से न्यायालय के आदेशों की अवहेलना के लिए जिम्मेदारी है।
7. प्रस्तुत खनन विवरण से स्पष्ट है कि आदेश के बाद खनन कम्पनी दिनांक 01.06.2022 से 17.06.2022 मात्र 17 दिन के लिए उतनी खनन मात्रा का खनन कर लिया गया जो वह 4 महीनों मे खनन करने की हकदार नही है उसके बाद भी लगातार खनन भारी मात्रा में किया जा रहा है। इस मात्रा पर पर्यावरण क्षति का जुर्माना कई गुना अधिक आरोपित किया जाना है। ऐसे ही वह लगातार पिछले कई वर्षो से कर रहे है।
8. जे0एस0एम0 फूडस् द्वारा मण्डौली ईस्ट व मण्डौली वेस्ट की पर्यावरण सहमति में समय ग्रेवल, बोल्डर जोड़ने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसमें उनके द्वारा बालू के अतिरिक्त ग्रेवल व बोल्डर बढ़वाना चाहते है जिसकी सुनवायी 29–30 जून 2022 को कमेटी के समक्ष सुनवायी के लिए लगी थी। जो मिलिभगत से बढ़ाया गया है।
9. मामला मा0 एन0जी0टी0 के समक्ष विचाराधीन है लगातार मा0 एन0जी0टी0 के आदेशों की अवहेलना जारी है ठेका बालू का दिया गया था सब मिलिभगत से चल रहा है ग्रेवल बोल्डर पहले से ही ई0सी0 का उल्लंघन कर खनन किया जा रहा है इनकी ई0सी0 न तो एक्सटेन्षन की जा सकती है और न ही कोई संसोधन किया जा सकता है। उल्लंघन के लिए पर्यावरण कमेटी को पर्यावरण क्षति आरोपित किया जाना है।
10. उपरोक्त 17 दिन के खनन की मात्रा से स्पष्ट है कि इतनी बड़ी खनन मात्रा केवल 17 दिन में जानबूझकर न्यायालय के आदेशों की अवहेलना की गई है जो सरकारी अधिकारी की जानकारी में मिलिभगत से हुई है।
11. अब दिनांक 18.06.2022 को बाद लगातार बालू के रवन्ने काटे जा रहे है जबकि लगातार वहॉ बोल्डर व ग्रेवल का खनन कर बेचा जा रहा है क्योंकि अकेला बालू खनन नही किया जा सकता है। यदि केवल बालू बेचा जा रहा है तो नया पाया गया बोल्डर ग्रेवल कहॉ जा रहा है क्योंकि मौके पर कोई बोल्डर व ग्रेवल का भण्डार भी नही है जिससे स्पष्ट है कि बालू की आड़ में लगातार ग्रेवल बोल्डर का खनन जारी है माननीय एन0जी0टी0 के आदेशों की अवहेलना स्पष्ट रूप से जानबूझकर की जा रही है।
12. मौके पर कोई पत्थर नही है। यदि है तो मा0 एन0जी0टी0 की रोक है। जल धारा में खनन किया गया है भारी मशीनों का उपयोग हो रहा है। ग्राउण्ड वॉटर की परमिषन नही है। ग्राउण्ड वॉटर से नीचे खनन किया गया है। पर्यावरण सहमति में भ्रष्टाचार कर पत्थर बढ़ाया जा रहा है। मा0 एन0जी0टी0 के आदेशों का उल्लंघन लगातार जानबूझकर कराया जा रहा है।

इसके सम्बन्ध में श्रीमान निदेशक खनन द्वारा दिनांक 15.07.2022 को SEAC को पत्र भेजा गया है जिसमें ठेके में बालू से पत्थर बढ़ाये जाने का विवरण दिया गया है जो पैरा नं0 05 निम्न प्रकार है–

" 5. Further, it was also clear that M/s P S Builtech had been disposing of the Boulder Gravel along with sand on e-Rawaana/bills issued for sand. The contention that mineral was being disposed of from sites not having BG was not found justified as it was not the case that BG was available only in part of the total area. it is clear beyond doubt that the BG is inextricably mixed with sand and sand alone could have been disposed off only after

screening. it is admitted fact that within mining area no screening is/was being carried out, so along with sand the mineral BG was disposed off."

उसके बाद अपने पत्र के पैरा नं0 9 व 10 निम्न प्रकार है—

" 9. Accordingly, in compliance with the order dated 31-05-2022 passed by the Hon'ble National Green Tribunal in OA No 423 of 2022 Mohinder Pal & Anr Vs State of Haryana & Ors. all the above three contractor vide order dated 07-06-2022 were directed that no mining of Boulder and Gravels are undertaken in the 03 mining contract areas, till further orders/modified by the Hon'ble NGT and the IT cell was directed to stop the e-Rawanna portal of Boulder and Gravels of above 03 mines.

10. However, the Mining Officer, Yamuna Nagar vide letter dated 17-06-2022 informed that during checking of the portal, he has found that the e-Rawanna of Boulder-Gravel-Sand are still generated by all these contractors. Accordingly, in the light of information received from the Mining Officer, Yamuna Nagar, the IT Cell of the department was directed to carry out corrections to change the e-Rawanna generation for Boulder and Gravel to Sand only of the contractor firm. The IT Cell found that due to technical glitch, the modification would not update properly in all tables of database pertaining to this matter on e-Rawanna. Further, the BGS of the above said mines were shown as sand in their account w.e.f 17-06-2022. Now, the contractor is selling only Sand through e- Rawanna."

उपरोक्त पत्र में निदेशक महोदय द्वारा पर्यावरण समिति को पैरा नं0 5 में अवगत कराया गया है कि सेण्ड, बोल्डर, ग्रेवल मिलिजुली अवस्था में है और जिसको स्क्रीनिंग किये बिना अलग नही किया जा सकता और यह तथ्य सही है कि मौके पर कोई भी स्क्रीनिंग नही की जा सकती इसलिए बालू के साथ ग्रेवल व पत्थर का निस्तारण हो सकता है। पैरा नं0 10 में कहा गया है कि ई–रवन्ना जनरेट केवल सेण्ड के लिए ठीक कर दिया गया है और टैक्नीकल कमी को दूर कर दिया गया है जबकि पैरा नं0 05 निदेशक द्वारा स्वीकार किया गया है कि अकेला रेता खनन नही किया जा सकता है। **पत्र दिनांक 15.07.2022 की प्रति संलग्नक नं0 33 पेज नं0 348 से 360 तक है।**

ऐसे में स्पष्ट है कि लगातार उच्च अधिकारियों की जानकारी में रेते की आड़ में ग्रेवल पत्थर का खनन लगातार किया जा रहा है और मा0 एन0जी0टी0 के आदेशों का लगातार उल्लंघन हो रहा है और यदि वास्तव में सेण्ड ही निकाला गया है तो वह क्रेशरों को और स्क्रीनिंग प्लान्टों को कैसे बेचा गया है वास्तविकता यह है कि केवल ई रवन्ने बेचे गये है और उनकी आड़ में क्रेशरों द्वारा माल अन्यत्र से पत्थर व ग्रेवल दूसरी जगह से अवैध खनन किया गया है।

पहले निदेशालय द्वारा उपरोक्त फर्मो से खरीदे गये ग्रेवल व पत्थर को खरीददारों के पोर्टल से हटाया गया है और बाद में जोड़ दिया गया है जो कि एक जॉच का विषय है।

दिनांक 24.06.2022 को खनन अधिकारी यमुनानगर द्वारा बालू के ठेको को निर्देशित किया गया कि बालू के रवन्ने स्क्रीनिंग प्लान्टों को देना बन्द करें क्योंकि स्क्रीनिंग प्लान्टों का रॉ मैटिरियल रेता नही है इसके बावजूद भी बालू के ठेकेदारों द्वारा ई रवन्ना स्क्रीनिंग प्लान्टों को काटा जा रहा है। पत्र दिनांक 24.06.2022 की प्रति संलग्नक नं0 34 पेज नं0 361 से 361 तक है।

B- दूसरे राज्यों की फर्जी रवन्ने ई पोर्टल पर दर्ज कर उनकी आड़ में यमुना नदी तल से अवैध खननः–

सिडिकेट सदस्यों द्वारा उसके बाद इनके द्वारा बालू के खनन लॉटों से पत्थर स्टोन क्रेशरों को बनाकर फर्जी इलैक्ट्रोनिक प्रचेज बेचना शुरू कर दिया गया और लोगों से रायल्टी के नाम से पैसा वसूला गया। बालू को MDL राजीव ट्रेडिंग कम्पनी, दीपन तनेजा, पी0एस0 बिल्डटेक में बिका दिखाया गया वहॉ से पत्थर बेचा दिखाया गया भारी हेरा फेरी की गई। इस की आड़ में सारा पत्थर स्टोन क्रेशर व स्क्रीनिंग प्लान्टों द्वारा अवैध खनन किया गया।

स्टोन क्रेशरों व स्क्रीनिंग प्लान्टों को फर्जी इलैक्ट्रॉनिक रवन्ने जारी करने के लिए इन लोगों द्वारा MDL के लाईसेन्स लिए गये उनमे दूसरे राज्यों गोवा, दमन, गुजरात आदि की कथित प्रचेज खनन पोर्टल पर दर्ज की गई लगभग 45 लाख टन फर्जी रवन्ने दर्ज किये गये जो राज्य सरकार के पोर्टल पर रिकॉर्ड में दर्ज है। जबकि इन राज्यों से कोई माल नही मंगाया और न ही लाया जा सकता था उसकी आड़ में लोगों से रायल्टी वसूल की गई और उनसे अवैध खनन कराकर माल बेचा गया जिसमें स्टोन क्रेशर व स्क्रीनिंग प्लान्ट वाले भी षडयन्त्र में शामिल थे क्योंकि उनको सब जानकारी थी।

अब स्वंय स्टोन क्रेशर/स्क्रीनिंग प्लान्टों द्वारा फर्जी इलैक्ट्रॉनिक रवन्ने दूसरे राज्यों के पोर्टल पर दर्ज कर बिक्री की जा रही है सारा माल अवैध खनन कर यमुना नदी व आस पास से लाया जा रहा है जिन रवन्नों पर खरीद दिखायी जा रही है उन रवन्नों पर एक ट्रक माल नही आ रहा है यह अवैध खनन का खेल लगातार चल रहा है इस की जॉच करायी जा सकती है।

दिनांक 04.07.2022 को खनन अधिकारी यमुनानगर द्वारा निदेशक खनन हरियाणा को अवगत कराया गया था कि जिला यमुनानगर में 209 स्टोन क्रेशर व 371 स्क्रीनिंग प्लान्ट स्थापित है और दूसरे राज्यों से खरीद को पोर्टल पर दर्ज किया जाता है और फर्जी ई रवन्ना चल रहा है। **पत्र दिनांक 04.07.2022 की प्रति संलग्नक नं0 35 पेज नं0 362 से 362 तक है।**

C- ठेकेदार डिफाल्टर है उसके बाद भी उनको बार बार खनन करने की अनुमति दी जा रही है:–

ठेकेदार डिफाल्टर है जैसे की एफ0आई0आर0 संख्या 14/2021 दिनांक 27.10.2021 थाना साईबर पंचकुला में दर्ज है **एफ0आई0आर0 की प्रति संलग्नक नं0 36 पेज नं0 363 से 369 तक है।** एंव खनन विभाग यमुनानगर द्वारा भी एक एफ0आई0आर0 दिनांक 14.07.2022 को थाना बिलासपुर में फर्जी रवन्नों के सम्बन्ध में करायी गई है सदींप ढबास व कुलविन्दर सिंह पर दूसरी यूनिट में बकाया है।

जिला यमुनानगर में सिंडिकेट द्वारा भारी मात्रा में फर्जी ई–रवन्ना दूसरे राज्यों से खरीद दिखाकर खनन विभाग के पोर्टल पर दर्ज कर इलैक्ट्रोनिक प्रचेज विभिन्न स्टोन क्रेशरों व स्क्रीनिंग प्लान्टों को दी गई है जिनके द्वारा इस इलैक्ट्रोनिक प्रचेज के आधार पर यमुना नदी व आस पास के क्षेत्रों से भारी मात्रा में अवैध खनन किया गया है जिससे राज्य सरकार को भारी राजस्व क्षति पहुॅची है।

सिंडिकेट द्वारा संचालित उपरोक्त खनन क्षेत्रों से कोई खनन नही किया जा रहा है और न ही उन क्षेत्रों से खनन हो सकता है क्योंकि वहॉ पर माल की उपलब्धता वर्तमान में नही है। इसलिए सिंडिकेट द्वारा नया तरीका बनाया गया है जिसका विवरण निम्न प्रकार है–

सिंडिकेट के द्वारा एक व्टसएप्प ग्रुप ऑल प्लान्ट यूनियन बनाया गया है जिसको संदीप डबास के द्वारा संचालित किया जा रहा है और उस पर सारा सिस्टम ऑपरेट किया गया है जिसमें स्पष्ट कहा गया है कि 200 रू0 प्रति टन से रवन्ना जारी किया जाएगा वही पर एडवांस में भुगतान होगा और जहॉ से बिल जारी किये जाएंगे वह नियर रिलायन्स पेट्रोल पम्प कमानी चौक का पता दिया गया है जो दिलबाग सिंह का कार्यालय है और वही पर से यह रवन्ने जारी करने का कार्य चल रहा है वास्तविक खनन स्टोन क्रेशर वाले स्वंय दिलबाग के संरक्षण में अन्य स्थानो पर कर रहे है किसी भी पूछताछ के लिए मोबाईल नं0 9350341716 दिया गया है व रायल्टी ऑफिस का टाईम सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक का दिया गया है इसकी जॉच किसी भी जॉच एजेन्सी से करायी जा सकती है।

एक whatsapp ग्रुप सदस्य द्वारा मैसेजों के आदान प्रदान के स्क्रीनशॉट उपलब्ध कराये गये है **जिसकी प्रति संलग्नक नं0 37 पेज नं0 370 से 382 तक है।** दूसरे राज्यों से खरीद पर रोक है लेकिन पूर्व में इन्ही लोगों द्वारा MDL के नाम पर विभिन्न राज्यों की अपने पोर्टलों पर खरीद दर्ज की गई और लोगों को फर्जी तरीके से मोटी धनराशि लेकर ट्रांस्फर दिखायी गई जिसकी आड़ में भारी अवैध खनन हुआ।

D- यमुना नदी के किनारे खनन ठेकेदारों द्वारा अवैध रूप से स्वीकृत भण्डारण लाईसेन्सों के आधार पर अवैध खननः–

जिला यमुनानगर में भारी मात्रा में अवैध खनन बालू, बजरी, पत्थर का हो रहा है जबकि वहॉ अधिकतर खनन ठेके बन्द है लेकिन लगभग 2000 ट्रक प्रतिदिन अवैध खनन कर बेचा जा रहा है जिसमें एक खनन सिंडिकेट शामिल है। जिसके द्वारा एक एम0डी0एल0 नम्बर **DMG/HY/MDL-1111** दिनांक 12.05.2020 से 12.05.2025 तक राजीव ट्रेडिंग कम्पनी के नाम से खसरा नम्बर 15/21/2, 22, 23, 24, 25, 17/4 रकबा 40 कनाल ग्राम मुर्कमपुर तहसील जगाधरी जिला यमुना नगर में ले रखा है।

दूसरा एम0डी0एल0 नम्बर **DMG/HY/YNR/MDL-329** दिनांक 16.08.2017 से 20.04. 2022 तक (एम0डी0एल0 की समयावधि समाप्त हो चुकी है लेकिन उसके बाद भी संचालित किया गया है और जो अभी तक नवीनीकरण नही हुआ है।) मै0 पी0एस0 बिल्डटेक के नाम से खसरा नम्बर 25//25, 35//1/2, 36/6/1, 6/2, 15, 16/1 व 17 रकबा 35 कनाल ग्राम कनालसी तहसील जगाधरी, जिला यमुना नगर में ले रखा है। उपरोक्त दोनों एम0डी0एल0 03.05.2021 से पूर्व जारी हुए है तत्समय नियम 82 निम्न प्रकार लागू था–

Grant and Renewal of Licence 82.

(1) No license shall be granted within a distance of;

(i) one kilometre from the site of source of such mineral for which licence is sought;

(ii) fifty metres of the outer edge of the berm of any National Highway or a State Highway or a Major District Road; and

(iii) ten metres from the outer edge of the berm of all other roads in the State.

(2) For establishing the stock-yard, minimum one acre of land preferably situated outside the municipal limits of any town situated at a reasonable distance from any urbanised area is required.

उपरोक्त नियम 82 में किसी भी खनिज स्त्रोत से 1 किमी0 की परिधि में कोई भी एम0डी0एल0 जारी नही किया जा सकता था लेकिन उपरोक्त दोनों एम0डी0एल0 यमुना नदी से 1 किमी0 के अन्दर जारी किये गये थे जो अवैध थे और उनके द्वारा की गई खरीद बिक्री भी अवैध की श्रेणी में आती है। राजीव ट्रेडिंग कम्पनी ग्राम मुर्कमपुर में तथाकथित लाईसेन्स जिन खसरे नम्बरों पर लिया गया है उनसे यमुन नदी की दूरी मात्र 740 मीटर से भी कम है जिसको गूगल अर्थ नक्शे पर दिखाया गया है व खसरा नम्बरों को जमाबन्धी वैबसाईट के नक्शे पर दिखाया गया है।

मै0 पी0एस0 बिल्डटेक द्वारा ग्राम कनालसी में यमुना नदी के किनारे से मात्र 862 मीटर पर एम0डी0एल0 लिया गया था जो कनालसी लॉट से और भी कम पड़ता है यमुना नदी बालू, बजरी, पत्थर का मुख्य स्त्रोत है यमुना नदी में विभिन्न खनन ठेके दिये गये है नियम 82 का खुल्ला उल्लंघन है और इन एम0डी0एल0 के आड़ में यमुना नदी से लगातार अवैध खनन कराया जा रहा है। दूरियॉ जिसको गूगल अर्थ नक्शे पर दिखायी गयी है व खसरा नम्बरों को जमाबन्धी वैबसाईट के नक्शे पर दिखाया गया है **जिनकी प्रतियॉ संलग्नक नं0 38 पेज नं0 383 से 388 तक है।**

तीसरा एम0डी0एल0 नम्बर **DMG/HY/MDL-1375** दिनांक 20.05.2021 से 20.05.2026 तक दीपन तनेजा के नाम से खसरा नम्बर 27//12, 13, 14, 17, 18, 23 रकबा 46 कनाल 14

मरला ग्राम मण्डौली घाघर तहसील छछरौली, जिला यमुना नगर में ले रखा है एंव एम0डी0एल0 नम्बर **DMG/HY/YNR/MDL-329** दिनांक 16.08.2017 मै0 पी0एस0 बिल्डटेक के नाम से खसरा नम्बर 25//25, 35//1/2, 36/6/1, 6/2, 15, 16/1 व 17 रकबा 35 कनाल ग्राम कनालसी तहसील जगाधरी, जिला यमुना नगर में ले रखा है।

दीपन तनेजा के नाम MDL No **DMG/HY/MDL-1375** दिनांक 20.05.2021 को जारी किया गया है जबकि दिनांक 03.05.2021 को नियम 82 में निम्न संसोधन किया गया है–

In the said rules, in rule 82 in sub-rule (1),–

(a) in clause (i),–

(i) for the sign ";" existing at the end, the sign ":" shall be substituted;

